
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

पुण्यतिथि विशेष

12 अक्टूबर 2024

Teachers of Bihar
The Change Makers

# आज का सुविचार

त्याग हमेशा शांतिदायक और संतोषप्रद होता है।



**राममनोहर लोहिया**
**( समाजवादी राजनेता )**

जन्म: 23 मार्च 1910 मृत्यु: 12 अक्टूबर 1967

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 12 अक्टूबर

1. **वर्ल्ड आर्थराइटिस (गठिया) डे–** वर्ल्ड आर्थराइटिस डे यानी विश्व गठिया दिवस प्रतिवर्ष 12 अक्टूबर को इसके प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। आर्थराइथ्टस एक बीमारी है जिसके कारण जोड़ों (घुटने, कूल्हे, गर्दन, पीठ हाथों कंधे आदि) में सूजन आ जाती है जिसके कारण चलने–फिरने या कार्य करने में परेशानी होती है। हमारे शरीर के जोड़ों पर कार्टिलेज नामक सॉफ्ट टिश्यू होता है जो घिसने के कारण पतला और खुरदरा होने लगता है। इससे बचने के लिए व्यायाम, विटामिन डी का सेवन और भोजन में पर्याप्त पोषक तत्वों को लेना चाहिए।

2. **कोलम्बस दिवस–** 12 अक्टूबर, 1492 ई. को ही इटली के खोजकर्ता नाविक क्रिस्टोफर कोलम्बस ने अमेरिका (नयी दुनिया) की खोज किया था। उसकी स्मृति में ही आज कोलम्बस डे के रूप में मनाया जाता है। उसने अपनी पहली यात्रा 3 अगस्त, 1492 ई. को स्पेन के पालोस बंदरगाह से तीन जहाजों (सांता मारिया, नीना और पेंटा) द्वारा शुरू किया था। 10 अक्टूबर को उसे आसमान में एक उड़ती चिड़िया दिखाई दिया। चिड़िया के जाने की दिशा में उसने नाव को आगे बढ़ाया और 12 अक्टूबर को अमेरिका की धरती पर पहुँचा। उसने अमेरिका की चार बार यात्रा की जिसका खर्च स्पेन की रानी इसाबेला ने उठाया। उसने हिस्पानिओला द्वीप पर बस्ती बसाने की कोशिश की और इस प्रकार से यूरोपीय उपनिवेशवाद की प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

3. **व्हाइट हाउस का नामकरण–** आप तो जानते ही होंगे की अमेरिका के राष्ट्रपति भवन का नाम 'व्हाइट हाउस' है। ये नाम अमरीकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने 12 अक्टूबर, 1901 ई. को रखा था। इसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति भवन का नाम 'एक्जीक्यूटिव मेनसन' हुआ करता था।

4. **राममनोहर लोहिया का निधन–** भारत के स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया का देहांत 57 वर्ष की आयु में 12 अक्टूबर, 1967 ई. को नई दिल्ली के विलिंग्डन अस्पताल जिसे अब लोहिया अस्पताल कहा जाता है, में हुआ था। उन्होंने अनेक विषयों पर अपने विचार पुस्तकों के माध्यम से रखे हैं। वर्ष 1956 में लोहिया ने 'मैनकाइंड' नामक पत्रिका शुरू किया था।

5. **वैशाली जिला स्थापना दिवस–** वैशाली को गणराज्य के रूप में 6वीं शताब्दी ई.पू. तक गौतम बुद्ध के जन्म से पहले 563 ई. में स्थापित किया गया था। यह विश्व का पहला गणतंत्र था। यह अम्बपाली (आम्रपाली) की भूमि के रूप में प्रसिद्ध हुई, जो एक महान नृत्यांगना थी। 12 अक्टूबर 1972 ई. को वैशाली को स्वतंत्र जिले के रूप में मान्यता प्राप्त हुई, इसके पहले यह मुजफ्फरपुर जिले का हिस्सा हुआ करता था।

Saturday

## मधु प्रिया

# वैशाली जिला की स्थापना 12 अक्टूबर



वैशाली बिहार प्रान्त के तिरहुत प्रमंडल का एक जिला है। मुजफ्फरपुर से अलग होकर 12 अक्टुबर 1972 को वैशाली एक अलग जिला बना। वैशाली जिले का मुख्यालय हाजीपुर में है। वज्जिका तथा मगही यहाँ की मुख्य भाषा है। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार वैशाली में ही विश्व का सबसे पहला गणतंत्र यानि "रिपब्लिक" कायम किया गया था। वैशाली जिला भगवान महावीर की जन्म स्थली होने के कारण जैन धर्म के मतावलम्बियों के लिए एक पवित्र नगरी है। भगवान बुद्ध का इस धरती पर तीन बार आगमन हुआ। भगवान बुद्ध के समय सोलह महाजनपदों में वैशाली का स्थान मगध के समान महत्त्वपूर्ण था। ऐतिहासिक महत्त्व के होने के अलावे आज यह जिला राष्ट्रीय स्तर के कई संस्थानों तथा केले, आम और लीची के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। यहां एक प्रसिद्ध बरैला झील है जो की 263 एकड़ में फैला हुआ है।वैशाली का नामाकरण रामायण काल के एक राजा विशाल के नाम पर हुआ है। विष्णु पुराण में इस क्षेत्र पर राज करने वाले 34 राजाओं का उल्लेख है, जिसमें प्रथम नभग तथा अंतिम सुमति थे। राजा सुमति भगवान राम के पिता राजा दशरथ के समकालीन थे। विश्व को सर्वप्रथम गणतंत्र का ज्ञान कराने वाला स्थान वैशाली ही है। वैशाली जिला  में  3अनुमंडल, 16 प्रखंड, 291 ग्राम पंचायत तथा 1638 गाँवों में बँटा है। अपराध नियंत्रण के लिए जिले में 22 थाने तथा 6 सुरक्षा चौकी है। जिले के चार शहरों में से एक हाजीपुर में नगर परिषद तथा लालगंज,महनार एवं महुआ में नगर पंचायत गठित है।

# पुण्यतिथि विशेष 12 अक्टूबर

राकेश कुमार




**मनोहर लोहिया** *Ram Manohar Lohia*, जन्म- 23 मार्च, 1910, क़स्बा अकबरपुर, फैजाबाद; मृत्यु- 12 अक्टूबर, 1967, नई दिल्ली) भारत के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता थे। राम मनोहर लोहिया को भारत एक अजेय योद्धा और महान् विचारक के रूप में देखता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.10.2024

## सामाजिक बुद्धिमत्ता कौशल

सामाजिक बुद्धिमत्ता कौशल ऐसी चीज़ है जिसे कोई भी सीख सकता है। वे जीन या जीव विज्ञान पर निर्भर नहीं होते हैं, हालाँकि कुछ लोग दूसरों की तुलना में उन्हें प्राप्त करने के लिए अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। सामाजिक बुद्धिमत्ता सिद्धांत को सबसे पहले 1920 में मनोवैज्ञानिक एडवर्ड थोर्नडाइक ने विकसित किया था।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज़ शिप, रॉयल कैरेबियन आइकॉन ऑफ़ द सीज़ है। इस शिप छह वॉटरस्लाइड, सात स्विमिंग पूल, एक आइस स्केटिंग रिंक, एक थिएटर, और 40 से ज़्यादा रेस्टोरेंट, बार, और लाउंज हैं।

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

CRICKET



## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी (2023-25)

| INNINGS | PLAYERS | SIXES |
|---|---|---|
| 20 | यशवी जायसवाल | 32 |
| 24 | बैन स्टोक्स | 22 |
| 12 | कामिंडू मेंडिस | 19 |
| 20 | रोहित शर्मा | 17 |
| 20 | शुभमन गिल | 16 |
| 14 | ग्लेन फिलिप्स | 16 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 464

**रतन टाटा ने टाटा समूह और टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में कब से कब तक कार्य किया था?**

A. वर्ष 1985 से 2010 तक

B. वर्ष 1990 से 2015 तक

C. वर्ष 1991 से 2012 तक

D. वर्ष 2001 से 2012 तक



Teachers of Bihar
बालमन
अक्टूबर 2024

# विश्व के धरोहर

## बुर्ज खलीफा



बुर्ज ख़लीफ़ा दुबई में आठ अरब डॉलर की लागत से छह साल में निर्मित 820 मीटर ऊँची 163 मंज़िला ऊँची इमारत हैं।बिल्डिंग्स एंड अर्बन हेबिटेट (CTBUH) पर अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन परिषद के अनुसार, दुबई में स्थित बुर्ज खलीफा विश्व की सबसे ऊंची इमारत है। बुर्ज खलीफा का निर्माण सन 2004 से शुरू हुआ था तथा लोकार्पण 04 जनवरी, 2009 को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया।आर्किटेक्ट एड्रियन स्मिथ ने इसे डिज़ाइन किया था। इसमें तैराकी का स्थान, खरीदारी की व्यवस्था, दफ़्तर, सिनेमा घर सहित सारी सुविधाएँ मौजूद हैं। इसे 96 किलोमीटर दूर से भी साफ़-साफ़ देखा जा सकता है। इसमें लगायी गयी लिफ़्ट दुनिया की सबसे तेज़ चलने वाली लिफ़्ट है। “ऐट द टॉप” नामक एक दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक, 124 वीं मंजिल पर, 5 जनवरी 2010 पर खुला। यह 452 मीटर (1,483 फुट) पर, दुनिया में तीसरे सर्वोच्च अवलोकन डेक और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक है।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर




www.teachersofbihar.org


12 अक्टूबर
वर्ल्ड आर्थराइटिस डे
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व शांति स्तूप, वैशाली
राजा विशाल के गढ़
का भग्नावशेष
भगवान बुद्ध
अस्थिकलश स्थल
अशोक स्तंभ
वैशाली
जिला स्थापना दिवस
अभिषेक पुष्कर्णी झील
12 अक्टूबर
चौमुखी
महादेव
मंदिर
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

12 अक्टूबर

# पुण्यतिथि



# राम मनोहर लोहिया

23 मार्च 1910 - 12 अक्तूबर 1967

Madhu priya

# वैशाली जिला स्थापना दिवस

## 12 अक्टूबर




Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

www.teachersofbihar.org


12 अक्टूबर
टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से
विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari

# 12 अक्टूबर

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# दशहरा

की हार्दिक शुभकामनाएं।



www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विजयादशमी
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya